# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांकः–परीक्षा / 290 /2025–26 दिनांकः 11 मार्च, 2026

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्या–61/उ0अ0से0च0आ0/2024, दिनांक 17 सितम्बर, 2024 में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत विज्ञापित आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक संवर्ग के रिक्त पदों की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 08–12–2024 को आयोजित की गयी। लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर **प्रथम चरण की दिनांक 16 जून, 2025 से दिनांक 10 जुलाई, 2025 तक टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा** आयोजित कराई गई। प्रथम चरण की टंकण एवं आशुलेखन परीक्षा में रिक्त पदों के सापेक्ष पूर्ण संख्या में अर्ह अभ्यर्थी प्राप्त न होने के दृष्टिगत **द्वितीय चरण की टंकण व आशुलेखन परीक्षा दिनांक 02 फरवरी, 2026 से दिनांक 07 फरवरी, 2026 तक** आयोजित कराई गई।

अवगत कराना है कि आयोग की विज्ञप्ति दिनांक **23 फरवरी, 2026** द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण की टंकण व आशुलेखन परीक्षा में अर्ह रहे अभ्यर्थियों की अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची को प्रकाशित की गई। उक्त औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की सन्निरीक्षा निम्नांकित तिथि को अंकित Serial Number (S.No.) के अनुसार आयोग कार्यालय में की जायेगी।

**अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित कार्यक्रम–**

| क्र. सं. | अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि | |
|---|---|---|
| | **Serial Number (S.No.)** | **अभिलेख सन्निरीक्षा तिथि** |
| 1 | 1 से 50 तक | 16 मार्च, 2026 (सोमवार) |
| 2 | 51 से 100 तक | 17 मार्च, 2026 (मंगलवार) |
| 3 | 101 से 150 तक | 18 मार्च, 2026 (बुधवार) |
| 4 | 151 से 200 तक | 19 मार्च, 2026 (बृहस्पतिवार) |
| 5 | 201 से 238 तक | 20 मार्च, 2026 (शुक्रवार) |

**अतः औपबन्धिक रूप से चयनित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि :–**

1. जारी औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची के अनुसार अभिलेखों की सन्निरीक्षा की नियत तिथि को अभ्यर्थी द्वारा अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा विज्ञापित पद हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप आवेदन पत्र में शैक्षिक अर्हता व अन्य प्रमाण पत्र अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) **व 06 पास–पोर्ट आकार की फोटोग्राफ** के साथ **निर्धारित तिथि को प्रातः 9.30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
2. **अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाईन वरीयता** (Preference) **भरना अनिवार्य है। ऑनलाईन विकल्प भरने हेतु यूजर आई0डी0–अभ्यर्थी का अनुक्रमांक एवं पासवर्ड–जन्म तिथि होगी। ऑनलाईन भरे गये विकल्पों को सबमिट करने के बाद दो प्रतियो में प्रिन्ट निकालना है। जिनको प्रति हस्ताक्षर सहित अपने अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को आयोग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। विकल्प/वरीयता एक बार सबमिट होने के बाद किसी भी दशा में संशोधित/परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा।** अभ्यर्थी **आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in** में जाकर दिए गये **लिंक (Link)** के माध्यम से **अपनी वरीयता** (Preference) **भर** सकते हैं।
3. **अभिलेख सन्निरीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति भी आयोग कार्यालय में ली जाएगी, अभ्यर्थियों को बायोमेट्रिक वैरीफिकेशन/उपस्थिति करवाना भी अनिवार्य है।**
4. ध्यान दें कि शैक्षिक योग्यता के अन्तर्गत अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता से संबंधित अंक तालिकायें, प्रमाण पत्र एवं स्थाई निवास आदि संबंधी प्रमाण पत्रों के मूल अभिलेखों सहित नियत तिथि को उपस्थित होना अनिवार्य है।
5. **आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का निर्धारित प्रारूप पर वैध प्रमाण पत्र, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो**, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. **सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में कार्यरत अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा के समय विज्ञापन की अन्तिम तिथि तक का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
7. अभ्यर्थी के नाम/पिता के नाम में विभिन्न प्रमाण पत्रों में साम्य न हो तो उक्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में एवं उसकी छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

8. अभिलेखों की सन्निरीक्षा **हेतु निर्धारित प्रारूप (चैकलिस्ट)** एवं **अभिलेख सन्निरीक्षा में उपस्थिति हेतु औपबन्धिक प्रवेश पत्र** संलग्न है। अभ्यर्थी उक्त प्रारूपों पर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण दो–दो प्रतियों (अलग–अलग) में तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।
9. **अभिलेखों की सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। पृथक से किसी दशा में अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा हेतु कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।**
10. यदि सन्निरीक्षा की निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में किये गये दावे के अनुसार सही अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो इसके लिए पृथक से कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा तथा ऐसे अभ्यर्थियों का अन्तिम चयन परिणाम हेतु विचार नहीं किया जायेगा। **उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थियों को अभिलेख सन्निरीक्षा सम्बन्धी सूचना पृथक से पत्र, दूरभाष तथा ई–मेल के माध्यम से प्रेषित नहीं की जाएगी।**
11. आयोग परिसर में मोबाईल फोन, कैमरा तथा अन्य इलैक्ट्रानिक उपकरण लाना निषिद्ध है।

11.03.2026

**(डॉ0 शिव कुमार बरनवाल)**
सचिव

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
## निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड, रायपुर, देहरादून।

1. नाम अभ्यर्थी :–
2. पिता का नाम :–
3. अनुक्रमांक :–
4. चयनित पद का नाम : –
5. चयनित पद कोड :–

| पासपोर्ट आकार की फोटो स्वप्रमाणित कर चस्पा करें। |
|---|

**अभिलेख सन्निरीक्षा (Scrutiny) हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेखों/संलग्नकों का विवरण**

| क्र0 सं0 | शैक्षिक एवं अन्य अभिलेखों का विवरण | | जारी होने की तिथि | वैधता तिथि | संलग्न हाँ/नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | अंक तालिका | | | |
| | | प्रमाण पत्र | | | |
| 2 | इण्टर | अंक तालिका | | | |
| | | प्रमाण पत्र | | | |
| 3 | स्नातक | प्रथम वर्ष/प्रथम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | द्वितीय वर्ष/द्वितीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | तृतीय वर्ष/तृतीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | चतुर्थ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | पंचम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | षष्ठ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| 4 | स्नातक की उपाधि | | | | |
| 5 | परास्नातक/डिप्लोमा/तकनीकी डिग्री ....... | प्रथम वर्ष/प्रथम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | द्वितीय वर्ष/द्वितीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | तृतीय वर्ष/तृतीय सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | चतुर्थ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | पंचम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | षष्ठ सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | सप्तम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| | | अष्टम सैमेस्टर की अंक तालिका | | | |
| 6 | डिप्लोमा/बी0एड0/तकनीकी डिग्री /अनुभव प्रमाण पत्र | | | | |
| 7 | स्थाई/मूल निवास प्रमाण पत्र | | | | |
| 8 | आरक्षण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 9 | आरक्षण से सम्बन्धित उप–श्रेणी का प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 10 | सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र (जहां अनिवार्य हो) | | | | |
| 11 | सेवारत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा प्रदत्त विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 12 | अधिमानी अर्हता (यदि लागू हो और आवेदन पत्र में भरा गया हो) | | | | |
| 13 | पहचान पत्र (जो आवेदन पत्र में भरा गया हो). | | | | |
| 14 | कम्प्यूटर से सम्बन्धित डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) | | | | |
| 15 | अन्य | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| 16 | पासपोर्ट आकार की 04 रंगीन फोटो | | | | |

नोट:–

1. अभ्यर्थी सन्निरीक्षा (Scrutiny) के समय चयनित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व पास पोर्ट आकार की फोटो लेकर उपस्थित होंगे।
2. अभ्यर्थी उक्त प्रारूप पर समस्त विवरण भरकर सन्निरीक्षा (Scrutiny) की तिथि को उक्त प्रपत्र को क्रमानुसार सन्निरीक्षा (Scrutiny) के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।
3. मूल अभिलेख प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

स्थान:–
अभिलेख सत्यापन की दिनांक :–
संलग्नकों की संख्या:–

हस्ताक्षर:–
अभ्यर्थी का नाम:–
मो0नं0--

# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

## –अभिलेख सन्निरीक्षा में उपस्थिति हेतु औपबंधिक प्रवेश पत्र–

| पासपोर्ट आकार की स्वप्रमाणित फोटो |
|---|

1. चयनित पद का नामः–
2. पद कोडः–
3. अभ्यर्थी का नामः–
4. पिता का नामः–
5. लिखित परीक्षा का अनुक्रमांकः–
6. टंकण क्रमांक( यदि लागू हो तो ):–
7. चयनित श्रेष्ठता सूची का क्रमांकः–
8. अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथिः–

दिनांकः–

स्थानः–

अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः–

अभ्यर्थी का नामः–

पताः–

मो0न0–